# छत्तीसगढ़ पी.सी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2018
# सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-4)

**समय: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 200**

1. किन अधिनियमों के द्वारा कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार को अंशत: व पूर्णत: समाप्त कर दिया गया?
   (a) 1833 व 1853 का चार्टर अधिनियम
   (b) 1813 व 1833 का चार्टर अधिनियम
   (c) 1861 व 1892 का भारतीय परिषद अधिनियम
   (d) 1919 व 1935 का भारत शासन अधिनियम
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
2. निम्नलिखित संविधान निर्माण समितियों में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?
   (a) संघीय संविधान समिति - डॉ. बी. आर. अंबेडकर
   (b) मूल अधिकार उप-समिति - जे.बी. कृपलानी
   (c) अल्पसंख्यक उप-समिति - एम.सी. मुखर्जी
   (d) संचालन समिति - डॉ. राजेंद्र प्रसाद
   (e) संघ शक्ति समिति - जवाहरलाल नहेरू
3. मोबाइल कोर्ट (अदालत) के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही क्या हैं?
   (i) मोबाइल कोर्ट की अवधारणा का जनक भूतपूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को माना जाता है।
   (ii) इस अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग वर्ष 2007 में हरियाणा के मेवात ज़िले में किया गया।
   (iii) इस अदालत का मूल उद्देश्य है कि कोर्ट (अदालत) स्वयं जनता के पास पहुँचे।
   (iv) इस अवधारणा का सर्वप्रथम प्रयोग वर्ष 2009 में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ ज़िले में किया गया।
   (v) इस अवधारणा का जनक एस. चंद्रशेखर को माना जाता है।

   कूट:
   (a) (i) (ii) (iii)
   (b) (ii) (iii) (iv)
   (c) (iii) (iv) (v)
   (d) (iv) (v) (i)
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
4. अखिल भारतीय सेवाओं के संदर्भ में दिये गए निम्नलिखित कथनों में से क्या सही **नहीं** है?
   (a) अखिल भारतीय सेवाओं के लिये चयन व प्रशिक्षण का कार्य केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है।
   (b) वर्तमान समय में तीन अखिल भारतीय सेवाएँ हैं।
   (c) तीसरी अखिल भारतीय सेवा, वर्ष 1960 में बनाई गई।
   (d) तीन अखिल भारतीय सेवाएँ- भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय वन सेवा हैं।
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
5. राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 के तहत गठित क्षेत्रीय परिषदों में से 'केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद' में सम्मिलित राज्य कौन-से थे?
   (a) उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़
   (b) आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल
   (c) बिहार, झारखंड, गुजरात, पं. बंगाल
   (d) पंजाब, हरियाणा, राजस्थान छत्तीसगढ़
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
6. 71वें संविधान संशोधन के द्वारा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कौन-सी तीन भाषाएँ जोड़ी गई हैं?
   (a) मैथिली, डोगरी, संथाली
   (b) कोंकणी, मणिपुरी, नेपाली
   (c) तमिल, मणिपुरी, गुजराती
   (d) नेपाली, मैथिली, गुजराती
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
7. अनुच्छेद 352 के अनुसार 'राष्ट्रीय आपात' को लागू करने से पहले देश में 'आंतरिक अशांति' शब्द के स्थान पर 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द को किस संशोधन के द्वारा सम्मिलित किया गया है?
   (a) 44वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1978
   (b) 45वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1980
   (c) 47वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1982
   (d) 49वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1984
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
8. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (अनुच्छेद)** | **सूची-II (विषय/प्रावधान)** |
|---|---|
| A. अनुच्छेद 330 | i. लोकसभा में आंग्ल-भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व |
| B. अनुच्छेद 331 | ii. राज्यों की विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये स्थानों का आरक्षण |
| C. अनुच्छेद 332 | iii. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग |
| D. अनुच्छेद 338 | iv. लोकसभा में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये स्थानों का आरक्षण |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (d) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

9. निम्नलिखित राज्यों में से किसके लिये संविधान के अनुच्छेद-371 के अंतर्गत विशेष प्रावधान किया गया है।
   (a) नागालैंड और असम
   (b) महाराष्ट्र और गुजरात
   (c) मिज़ोरम और सिक्किम
   (d) गोवा और कर्नाटक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

10. भारतीय संविधान के किस भाग में 'राजभाषा' का प्रावधान निहित है?
   (a) भाग - XVII (b) भाग - XIV
   (c) भाग - XVI (d) भाग - XIX
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. निम्नलिखित को कालक्रमिक आधार पर व्यवस्थित करें।
   1. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
   2. भारतीय स्टेट बैंक
   3. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
   4. भारतीय निर्यात-आयात बैंक

   **कोड:**
   (a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
   (c) 2, 1, 4, 3 (d) 4, 3, 2, 1
   (e) इनमें से कोई नहीं।

12. निम्नलिखित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से किसे महारत्न का दर्जा प्राप्त है?
   (a) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
   (b) इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड
   (c) भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
   (d) राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

13. 'द जर्नल थ्योरी ऑफ इम्प्लायमेंट, इंटरेस्ट एण्ड मनी' नामक पुस्तक निम्नलिखित में से किसने लिखी थी?
   (a) एडम स्मिथ (b) सैम्युल्सन
   (c) मार्शल (d) जे. एम. केन्ज
   (e) इनमें से कोई नहीं।

14. 'ऐन इन्क्वेरी इनटू द पावर्टी ऑफ नेशन्स' नामक सिद्धांत निम्नलिखित में से किसने प्रतिपादित किया था?
   (a) रेगनर नर्क्स (b) गुनार मिर्डल
   (c) एडम स्मिथ (d) जेम्स टोबिन
   (e) आर्थर लैफर

15. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य 'गरीबी-उन्मूलन तथा आत्मनिर्भरता की प्राप्ति' था?
   (a) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना
   (b) पाँचवी पंचवर्षीय योजना
   (c) सातवीं पंचवर्षीय योजना
   (d) नौवीं पंचवर्षीय योजना
   (e) आठवीं पंचवर्षीय योजना

16. निम्नलिखित में से कौन भारत के सभी ATM को जोड़ता है?
   (a) भारतीय बैंक एसोसिएशन
   (b) राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेप लिमिटेड
   (c) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
   (d) भारतीय रिज़र्व बैंक
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

17. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (संगठन)** | **सूची-II (मुख्यालय)** |
|---|---|
| A. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन | i. जेनेवा |
| B. खाद्य एवं कृषि संगठन | ii. रोम |
| C. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी | iii. वियना |
| D. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय | iv. द हेग |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (d) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

18. नीति आयोग (NITI Aayog) की स्थापना भारत सरकार ने किसका स्थान लेने के लिये की है?
   (a) योजना आयोग
   (b) विधि आयोग
   (c) वित्त आयोग
   (d) मानवाधिकार आयोग
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

19\. 'नई मंज़िल योजना' के प्रमुख उद्देश्य से संबंधित निम्नलिखित कथनों को पढ़िये:

1. इसका उद्देश्य गरीब अल्पसंख्यक युवाओं को रचनात्मक तौर पर नियोजित करना
2. गरीब अल्पसंख्यक युवाओं को सतत् एवं लाभकारी रोज़गार के अवसर प्रदान करना
3. कम-से-कम 70% प्रशिक्षित युवाओं को नौकरी में प्लेसमेंट उपलब्ध करना
4. प्रत्येक गरीब अल्पसंख्यक युवाओं को ₹5000 मासिक आर्थिक सहायता प्रदान करना।

सही उत्तर चुनिये

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 3, 4, 1 (d) 4, 3, 2
(e) 1, 2, 3, 4

20\. 'प्रयाग स्तम्भ लेख' निम्नलिखित में से किस शासक से संबंधित है?

(a) रुद्रदामन (b) स्कन्दगुप्त
(c) पुलकेसिन-II (d) समुद्रगुप्त
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

21\. निम्नलिखित कथन पढ़िये:

1. सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित 'कालीबंगा' राजस्थान के गंगानगर ज़िले में घग्घर नदी के बाएँ तट पर स्थित है।
2. इसकी खोज 1951 में अमलानंद घोष द्वारा की गई थी।
3. यहाँ के भवनों का निर्माण कच्ची ईंटों द्वारा हुआ था।
4. यहाँ से धान (चावल) एवं बाजरे के साक्ष्य प्राप्त हुए थे।

सही उत्तर चुनिये

(a) 1, 2 एवं 3 सही हैं (b) 2, 3 एवं 4 सही हैं
(c) 3, 4 एवं 1 सही हैं (d) 1, 2 एवं 4 सही हैं
(e) 1, 2, 3 एवं 4 सही हैं

22\. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (जैन धर्म के शील व्रत एवं विषय) सुमेलित **नहीं** है?

(a) देशव्रत- अपने कार्य कुछ विशिष्ट प्रदेशों तक सीमित रखना
(b) सामयिक- चिंतन के लिये कुछ समय निश्चित करना
(c) अतिथि संविभाग- अतिथि को भोजन कराने के उपरांत भोजन करना
(d) अनर्थदण्ड व्रत- अपनी क्रियाओं को विशेष परिस्थिति में नियंत्रित रखना
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

23\. अशोक के किस शिलालेख में 'सर्वधर्म समभाव एवं स्त्री महामात्र की चर्चा' का उल्लेख मिलता है?

(a) दसवाँ शिलालेख (b) ग्यारहवाँ शिलालेख
(c) बारहवाँ शिलालेख (d) तेरहवाँ शिलालेख
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

24\. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (गुप्तकालीन मंदिर)** | **सूची-II (स्थान)** |
|---|---|
| A. भीतरगाँव का मंदिर | i. कानपुर |
| B. देवगढ़ का दशावतार मंदिर | ii. झाँसी |
| C. भूमरा का शिव मंदिर | iii. सतना |
| D. तिगवा का विष्णु मंदिर | iv. जबलपुर |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iii | iv |
| (b) | ii | iii | iv | i |
| (c) | iii | iv | ii | i |
| (d) | iv | iii | ii | i |

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

25\. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (मुगलकालीन इमारत एवं स्थान) सुमेलित **नहीं** है?

(a) संभल मस्जिद - रूहेलखंड
(b) दीनपनाह भवन - दिल्ली
(c) दीवाने-ए-आम - फतेहपुर सीकरी
(d) एत्मादुद्दौला का मकबरा - आगरा
(e) राबिया-उद्-दौरानी का मकबरा - सासाराम

26\. अधोलिखित में से कौन एक 'जौहर आफतावची' की रचना है?

(a) तज़किरात-उल-वाक्यात (b) तारीख-ए-रशीदी
(c) तबकात-ए-अकबरी (d) मज़्म-उल-बहरीन
(e) तुजुक-ए-जहाँगीरी

27\. 'पल्लव वंश' से संबंधित निम्नलिखित कथन पढ़िये:

1. पल्लव वंश का वास्तविक संस्थापक 'सिंह विष्णु' को माना जाता है।
2. सिंह विष्णु की राजसभा में संस्कृत के विद्वान भारवि निवास करते थे
3. महाकवि भारवि ने 'किरातार्जुनीयम्' महाकाव्य लिखा

सही उत्तर चुनिये:

(a) 1, 2 एवं 3 सही हैं (b) 1 एवं 2 सही हैं
(c) 2 एवं 3 सही हैं (d) 1 एवं 3 सही हैं
(e) केवल 1 सही है

28. फिरोज़शाह तुगलक से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन सही **नहीं** है?
   (a) फिरोज़शाह तुगलक ने हिंदू एवं मुस्लिम दोनों संप्रदायों के लोगों में एक-दूसरे के विचारों की समझ को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'अनुवाद विभाग' की स्थापना की
   (b) दासों के लिये एक अलग विभाग 'दीवान-ए-बंदगान' की स्थापना की
   (c) इनके द्वारा फतेहाबाद, हिसार, फिरोज़पुर, जौनपुर एवं फिरोज़ाबाद नगर बसाए गए
   (d) इसने कुतुबमीनार की मरम्मत कराई
   (e) इसने किसानों पर लगे 'तकावी ऋण' की सीमा को बढ़ा दिया।
29. सल्तनतकालीन प्रमुख अधिकारी 'अमीर-ए-हाज़िब' का निम्नलिखित में से प्रमुख कार्य क्या था?
   (a) आंतरिक नौकायन तथा जलमार्गों का निरीक्षण करना
   (b) दरबारी शिष्टाचार के नियमों को लागू करना
   (c) कारखानों की देखभाल करना
   (d) सैन्य विभाग में सैनिकों की भर्ती करना
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
30. सिखों में प्रचलित 'लंगर' प्रथा को निम्नलिखित में से किसने स्थायी बनाया था?
   (a) गुरु रामदास (b) गुरु अमरदास
   (c) गुरु हरगोबिंद (d) गुरु हरकिशन
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
31. सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. गेराल्ड ऑन्गियार | i. बंबई का संस्थापक |
| B. जॉब चार्नाक | ii. कलकत्ता का संस्थापक |
| C. फ्रैंको मार्टिन | iii. पॉण्डिचेरी का प्रथम फ्राँसीसी गवर्नर |
| D. फ्राँसिस डे | iv. मद्रास का संस्थापक |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (b) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (c) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (d) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं।
32. वर्ष 1802 में बाजीराव द्वितीय एवं अंग्रेज़ों के बीच निम्नलिखित में से कौन-सी संधि हुई थी?
   (a) मंदसौर की संधि (b) देवगाँव की संधि
   (c) बसीन की संधि (d) सालबाई की संधि
   (e) ग्वालियर की संधि
33. 1857 के विद्रोह के समय लखनऊ में विद्रोह का नेतृत्वकर्त्ता निम्नलिखित में से कौन था?
   (a) नाना साहब (b) बेगम हज़रत महल
   (c) मौलवी अहमदुल्ला (d) लियाकत अली
   (e) खान बहादुर खाँ
34. वर्ष 1784 में सर विलियम जोन्स ने 'एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल' की स्थापना कहाँ की थी?
   (a) कलकत्ता में (b) बंबई में
   (c) दिल्ली में (d) पटना में
   (e) लखनऊ में
35. कर्क रेखा निम्नलिखित में से किस राज्य से होकर नहीं गुज़रती है?
   (a) मध्य प्रदेश (b) गुजरात
   (c) त्रिपुरा (d) मिज़ोरम
   (e) नागालैंड
36. भारत का शीत मरुस्थल किसे कहा जाता है?
   (a) थार (b) काठियावाड़
   (c) महेंद्रगिरी (d) लद्दाख
   (e) इनमें से कोई नहीं।
37. भारत की कौन-सी नदी कर्क रेखा को दो बार काटती है?
   (a) माही (b) गंगा
   (c) यमुना (d) कावेरी
   (e) सतलज
38. मृदा स्वास्थ्य कार्ड की शुरुआत कब हुई?
   (a) जनवरी 2014 (b) फरवरी 2015
   (c) मार्च 2016 (d) अप्रैल 2017
   (e) जून 2018
39. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इकोलॉजी एंड इनवायरमेंट अवस्थित है-
   (a) नई दिल्ली (b) मुंबई
   (c) कोलकाता (d) तिरुवनंतपुरम
   (e) इनमें से कोई नहीं।
40. तिलैया परियोजना किस नदी से संबंधित है?
   (a) बराकर (b) सिंधु
   (c) चेनाब (d) कृष्णा
   (e) चंबल
41. सर्वोत्तम किस्म का संगमरमर कहाँ पाया जाता है?
   (a) जैसलमेर (b) जबलपुर
   (c) सोनभद्र (d) मकराना
   (e) इनमें से कोई नहीं।

42. भूतापीय ऊर्जा पर आधारित मणिकरण (मणिकर्ण) विद्युत संयंत्र किस राज्य में अवस्थित है?
 (a) हिमाचल प्रदेश (b) अरुणाचल प्रदेश
 (c) जम्मू एवं कश्मीर (d) उत्तराखंड
 (e) गुजरात

43. कौन-सी जनजाति दीपावली को शोक पर्व के रूप में मनाते थे?
 (a) बोडो (b) संथाल
 (c) गोंड (d) थारू
 (e) टोडा

44. टोडा जनजाति का निवास स्थान है-
 (a) हिमाचल क्षेत्र (b) अरावली क्षेत्र
 (c) विंध्यन क्षेत्र (d) नीलगिरि क्षेत्र
 (e) इनमें से कोई नहीं।

45. जैव विविधता के कम होने का मुख्य कारण है-
 (a) आवासीय प्रदूषण
 (b) विदेशी प्रजातियों का प्रवेश
 (c) अत्यधिक दोहन
 (d) आवासीय विनाश
 (e) इनमें से कोई नहीं।

46. कीटभक्षी पौधे जिस मृदा में उगते हैं उसमें कमी रहती है-
 (a) मैग्नीशियम की (b) कैल्शियम की
 (c) नाइट्रोजन की (d) जल की
 (e) इनमें से कोई नहीं।

47. सर्वाधिक जैव विविधता पाई जाती है-
 (a) शांत घाटी (b) कश्मीर
 (c) सुरमा घाटी (d) फूलों की घाटी
 (e) इनमें से कोई नहीं।

48. हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट के 7वें संस्करण का आयोजन किस स्थान पर किया गया?
 (a) गुवाहाटी, असम (b) शिमला, हिमाचल प्रदेश
 (c) अगरतला, त्रिपुरा (d) शिलांग, मेघालय
 (e) इनमें से कोई नहीं।

49. हाल ही में औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली रिपोर्ट जारी की गई है। यह रिपोर्ट किसने पारी की है?
 (a) सुरेश प्रभु (b) मनोज सिन्हा
 (c) अरुण जेटली (d) डॉ. हर्षवर्धन
 (e) इनमें से कोई नहीं।

50. भारतीय तटरक्षक बल द्वारा "स्वच्छ सागर- 2018" अभ्यास कहाँ पर आयोजित किया गया?
 (a) मुंबई (b) चेन्नई
 (c) पोर्ट ब्लेयर (d) विशाखापट्टनम
 (e) इनमें से कोई नहीं।

51. एशियाई क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने एशिया कप, 2020 की मेज़बानी किसे सौंपी है?
 (a) बांग्लादेश (b) श्रीलंका
 (c) भारत (d) पाकिस्तान
 (e) अफगानिस्तान

52. मिर्स वर्ल्ड 2018 का खिताब किसने जीता?
 (a) वैनेंसा पोंस
 (b) निकोलेने निम्सलुकान
 (c) अनुकृति व्यास
 (d) मारिया वालि लेविथ
 (e) इनमें से कोई नहीं।

53. किस पर्यावरण विद ने वन्य जीव अभयारण्य पुरस्कार-2018 के तहत लाइफटाइम सेवा पुरस्कार जीता?
 (a) निकिता पिपल (b) पूजा मित्रा
 (c) इमरान सिद्दीकी (d) बंदना शिवा
 (e) इनमें से कोई नही

54. एक सूखी सेल में कौन-सी ऊर्जा पाई जाती है?
 (a) यांत्रिक (b) विद्युत
 (c) रासायनिक (d) विद्युत चंबकीय
 (e) इनमें से कोई नहीं।

55. निम्न में से कौन-सा सदा उस वस्तु की छोटी छवि बनाएगा जो उसके सामने रखी जाए?
 (a) समतल दर्पण (b) उत्तल दर्पण
 (c) उत्तल लेंस (d) अवतल लेंस
 (e) इनमें से कोई नहीं।

56. अमीनो अम्ल (एमीनो एसिड) की आवश्यकता किसके संश्लेषण के लिये होती है?
 (a) लिपिड (b) प्रोटीन
 (c) कार्बोहाइड्रेट (d) ऐल्कोलॉयड
 (e) इनमें से कोई नहीं।

57. पीतांबरी एक प्रजाति है-
 (a) धान (b) सरसों
 (c) चना (d) गेहूँ
 (e) मक्का

58. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान कल्चुरियों की राजधानी **नहीं** था?
 (a) त्रिपुरी (b) तुम्माण
 (c) जाजल्लपुर (d) रतनपुर
 (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

59. छत्तीसगढ़ में लाखा बांटा क्या है?
   (a) ज़मींदारों को ब्रिटिश भक्ति की एवज में दिया गया भू-भाग
   (b) जमींदारों द्वारा किसानों को नए क्षेत्र प्रदान करना तथा राजस्व निर्धारण
   (c) धार्मिक आधार पर गाँव या भूमि प्रदान करना
   (d) बहादुरी के लिये किसी क्षेत्र की जागीर प्रदान करना
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

60. कंडेल नहर सत्याग्रह से कौन संबंधित **नहीं** था?
   (a) छेदीलाल श्रीवास्तव
   (b) नारायण राव मेघावाले
   (c) पं. सुंदरलाल शर्मा
   (d) छोटेलाल श्रीवास्तव
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

61. कल्चुरी शैली का 11-12वीं शताब्दी में बना भांड देवल मंदिर अपनी शैली का एकमात्र मंदिर छत्तीसगढ़ में कहाँ स्थित है?
   (a) रतनपुर (b) आरंग
   (c) धमधा (d) बालोद
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

62. छत्तीसगढ़ में किस ब्रिटिश अधिकारी ने भू-राजस्व प्रणाली में सुधार करते हुए आधुनिकीकरण किया था?
   (a) केप्टन एडमण्ड (b) केप्टन एगन्यू
   (c) चार्ल्स सेंडीस (d) मिस्टर सेंडीस
   (e) मिस्टर क्राफर्ड

63. रायपुर सैन्य विद्रोह का नायक था-
   (a) वीर नारायण सिंह (b) धुरवा राव सिंह
   (c) सुरेन्द्र साय सिंह (d) हनुमान सिंह
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

64. रतनपुर में राम मंदिर निर्मित कराने वाले मराठा शासक का नाम क्या था?
   (a) व्यंकोजी भोंसले (b) बिम्बाजी भोंसले
   (c) महिपत राव (d) केशव गोविंद
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

65. छत्तीसगढ़ में बाँस शिल्प का संबंध किस जनजाति से है?
   (a) मुड़िया (b) उराँव
   (c) बैगा (d) कमार
   (e) बंजारा

66. छत्तीसगढ़ में प्रचलित 'पेण्डुल नृत्य' किस जनजाति का वैवाहिक नृत्य है?
   (a) मुड़िया (b) उराँव
   (c) दोरला (d) अबुझमाड़िया
   (e) धुरूवा

67. बस्तर का प्रसिद्ध गोंचा पर्व किस माह आयोजित किया जाता है?
   (a) आषाढ़ (b) कार्तिक
   (c) सावन (d) बैसाख
   (e) इनमें से कोई नहीं।

68. छत्तीसगढ़ी वैविध्यपूर्ण संस्कृति का जीवंत केंद्र पुरखौती मुक्तांगन कहाँ पर स्थित है?
   (a) उपरवारा (b) भाटापारा
   (c) चम्पारण्य (d) मावली
   (e) राजिम

69. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (कला संस्थान एवं स्थान) सुमेलित है?
   (a) कला दर्पण - रायगढ़
   (b) लोक शृंगार भारती - रायपुर
   (c) आगास दीया - बिलासपुर
   (d) लोकरंग - दुर्ग
   (e) बिलासा कला मंच - भिलाई

70. छत्तीसगढ़ी लोककला संस्थान 'सोनहा बिहान' के संस्थापक हैं–
   (a) रामचंद्र देशमुख
   (b) दाऊ दुलार सिंह मंदराजी
   (c) दाऊ महासिंह चंद्राकर
   (d) हबीब तनवीर
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

71. सिकासार परियोजना किस नदी से संबंधित है?
   (a) महानदी (b) खरखरा नदी
   (c) पैरी नदी (d) अरपा नदी
   (e) इनमें से कोई नहीं।

72. कर्क रेखा छत्तीसगढ़ के किन तीन ज़िलों से होकर गुज़रती है?
   (a) कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर
   (b) सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा
   (c) बलरामपुर, कोरिया, सरगुजा
   (d) सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं।

73. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (परियोजना एवं नदी) सुमेलित **नहीं** है?
   (a) श्याम परियोजना - घुनघुट्टा नदी
   (b) बोधघाट परियोजना - हसदो नदी
   (c) सिकासार परियोजना - पैरी नदी
   (d) खूँटाघाट परियोजना - खारंग नदी
   (e) केशवा परियोजना - खारून नदी

74. निम्नलिखित में से किस ज़िले की सीमा बस्तर ज़िला से **नहीं** जुड़ी है?
   (a) दंतेवाड़ा (b) सुकमा
   (c) नारायणपुर (d) बीज़ापुर
   (e) कोंडागाँव

75. छत्तीसगढ़ राज्य में पौध संरक्षण औषधि एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशाला कहाँ स्थापित की गई है?
   (a) राजनांदगाँव (b) रायपुर
   (c) नया रायपुर (d) दुर्ग
   (e) इनमें से कोई नहीं।

76. छत्तीसगढ़ में फूलों की घाटी 'लोरो घाटी' किस ज़िले में स्थित है?
   (a) सरगुजा (b) बस्तर
   (c) जशपुर (d) बलरामपुर
   (e) कोंडागाँव

77. 2011 की जनगणना के अनुसार छत्तीसगढ़ की शहरी आबादी कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?
   (a) 24.23 प्रतिशत (b) 24.71 प्रतिशत
   (c) 23.24 प्रतिशत (d) 21.78 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं।

78. छत्तीसगढ़ के आर्थिक सर्वेक्षण 2017-18 के अनुसार प्रदेश में वृहद्, मध्यम एवं लघु सिंचाई योजनाओं द्वारा कुल सिंचित क्षेत्र है–
   (a) 19.50 लाख हेक्टेयर (b) 20.52 लाख हेक्टेयर
   (c) 21.33 लाख हेक्टेयर (d) 22.43 लाख हेक्टेयर
   (e) इनमें से कोई नहीं।

79. छत्तीसगढ़ प्रदेश में कितने ज़िलों को पूर्ण जैविक ज़िला के रूप में विकसित किये जाने की योजना है?
   (a) 5 (b) 7
   (c) 10 (d) 12
   (e) इनमें से कोई नहीं।

80. छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ में सहकारी समितियों की संख्या है–
   (a) 525 (b) 530
   (c) 543 (d) 550
   (e) 510

81. छत्तीसगढ़ में वित्त वर्ष 2016-17 के अंत तक कितने प्रतिशत ग्रामों का विद्युतीकरण किया जा चुका है?
   (a) 98.25% (b) 96.05%
   (c) 97.03% (d) 95.15%
   (e) इनमें से कोई नहीं।

82. छत्तीसगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2012 के अंतर्गत किस रंग का राशन कार्ड जारी **नहीं** किया जाता?
   (a) गुलाबी (b) हरा
   (c) नीला (d) पीला
   (e) इनमें से कोई नहीं

83. राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में वर्ष 2013-14 से 2017-18 में औसत वृद्धि दर क्या रही?
   (a) 4.8 प्रतिशत (b) 5.5 प्रतिशत
   (c) 5.15 प्रतिशत (d) 6.20 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं।

84. बीमार और दुर्घटनाग्रस्त पशुओं के पुनर्वास के लिये छत्तीसगढ़ का प्रथम पशु गृह एवं पशु रुग्णावास की स्थापना कहाँ की जाएगी?
   (a) दतरेंगा (b) काराबेल-बतौली
   (c) कटघोरा (d) पाली
   (e) इनमें से कोई नहीं।

85. छत्तीसगढ़ की नवगठित विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष हैं–
   (a) रविन्द्र चौबे (b) धरमलाल कौशिक
   (c) प्रेमप्रकाश पांडेय (d) गौरीशंकर अग्रवाल
   (e) इनमें से कोई नहीं।

86. छत्तीसगढ़ के 5वीं विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर कौन थे?
   (a) रामपुकार सिंह (b) चरणदास महंत
   (c) सत्यनारायण शर्मा (d) रविन्द्र चौबे
   (e) कवासी लकमा

87. नया रायपुर को अब किस नाम से जाना जाएगा?
   (a) पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर
   (b) अटल नगर
   (c) मोतीनगर
   (d) पटेल नगर
   (e) इनमें से कोई नहीं।

88. छत्तीसगढ़ में लोक सुराज अभियान 2018 कब से आयोजित किया गया था?
   (a) 12 जनवरी से 31 मार्च, 2018
   (b) 12 जनवरी से 30 अप्रैल, 2018
   (c) 31 मार्च से 30 अप्रैल, 2018
   (d) 15 जनवरी से 11 मार्च, 2018
   (e) इनमें से कोई नहीं।

89. स्मार्ट सिटी योजना के तहत छत्तीसगढ़ के निम्न में से किस ज़िले का चयन किया गया है?
   (a) बिलासपुर (b) दुर्ग
   (c) रायगढ़ (d) कोरबा
   (e) इनमें से कोई नहीं।

90. ग्रामीण बालिकाओं को स्वच्छ सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार ने किस योजना की शुरुआत की है?
   (a) सुचिता योजना
   (b) क्लीन योजना
   (c) उज्ज्वला योजना
   (d) चेतना योजना
   (e) इनमें से कोई नहीं।

91. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना छत्तीसगढ़ के कितने ज़िलों में संचालित है?
   (a) 3 (b) 5
   (c) 11 (d) 27
   (e) इनमें से कोई नहीं।

92. कृषि स्नातकों को पेशेवर कृषि उद्यमी के रूप में स्थापित करने हेतु छत्तीसगढ़ सरकार ने निम्न में से किस योजना की शुरुआत की घोषणा की थी?
   (a) चलो गाँव की ओर
   (b) गाँव से उन्नति
   (c) उन्नत शिक्षा उन्नत कृषि
   (d) ज्ञानी कृषक
   (e) इनमें से कोई नहीं

93. छत्तीसगढ़ राज्य की 'च्वाइस योजना' संबंधित है-
   (a) कम्प्यूटर शिक्षा
   (b) ई-गवर्नेंस
   (c) बीजों की अदला-बदली
   (d) फसल चक्र
   (e) इनमें से कोई नहीं।

94. स्वच्छता सर्वेक्षण 2018 में छत्तीसगढ़ के किस शहर को अपशिष्ट पदार्थों के प्रबंधन हेतु प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है?
   (a) रायपुर
   (b) बिलासपुर
   (c) अंबिकापुर
   (d) जगदलपुर
   (e) इनमें से कोई नहीं।

95. ग्राम पंचायतों के कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण कौन करता है?
   (a) जनपद पंचायत
   (b) ज़िला पंचायत
   (c) ग्राम सभा
   (d) कलेक्टर
   (e) इनमें से कोई नहीं।

96. छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात् गठित राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार कितने प्रतिशत राशि पंचायतों को दी जाती है?
   (a) राज्य के कुल राजस्व का 2.91 प्रतिशत
   (b) राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व का 4.79 प्रतिशत
   (c) राज्य के स्वयं के शुद्ध कर राजस्व का 6.62 प्रतिशत
   (d) राज्य के कुल राजस्व का 4.79 प्रतिशत
   (e) इनमें से कोई नहीं।

97. छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा-88 के तहत ग्राम पंचायतों के कार्यकलापों की जाँच कौन करता है?
   (a) पंचायत सचिव
   (b) आंतरिक अंकेक्षण एवं करारोपण अधिकारी
   (c) ज़िला अंकेक्षक
   (d) कलेक्टर द्वारा नामित कम-से-कम द्वितीय श्रेणी का अधिकारी
   (e) इनमें से कोई नहीं।

98. छत्तीसगढ़ में 'चिराग परियोजना' की शुरुआत कब की की गई है?
   (a) जनवरी 2017 में
   (b) जनवरी 2018 में
   (c) जनवरी 2019 में
   (d) जनवरी 2016 में
   (e) इनमें से कोई नहीं।

99. करारोपण एवं लेखा, ग्राम पंचायत की किस समिति के क्षेत्राधिकार में आते हैं?
   (a) सामान्य प्रशासन समिति
   (b) शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण
   (c) वित्त समिति
   (d) लेखा समिति
   (e) इनमें से कोई नहीं।

100. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का योजना, नीति कृषि एवं ग्रामीण विकास सलाहकार किसे नियुक्त किया गया है?
   (a) रुचिर गर्ग
   (b) प्रदीप शर्मा
   (c) गौरव द्विवेदी
   (d) सचिन कुमार
   (e) इनमें से कोई नहीं।

## छत्तीसगढ़ पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## (मॉडल पेपर-4) उत्तरमाला

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 35. | (e) | 69. | (d) |
| 2. | (a) | 36. | (d) | 70. | (c) |
| 3. | (a) | 37. | (a) | 71. | (c) |
| 4. | (c) | 38. | (b) | 72. | (a) |
| 5. | (a) | 39. | (a) | 73. | (b) |
| 6. | (b) | 40. | (a) | 74. | (d) |
| 7. | (a) | 41. | (d) | 75. | (a) |
| 8. | (c) | 42. | (a) | 76. | (c) |
| 9. | (b) | 43. | (d) | 77. | (c) |
| 10. | (a) | 44. | (d) | 78. | (b) |
| 11. | (c) | 45. | (d) | 79. | (a) |
| 12. | (c) | 46. | (c) | 80. | (c) |
| 13. | (d) | 47. | (a) | 81. | (a) |
| 14. | (b) | 48. | (c) | 82. | (d) |
| 15. | (b) | 49. | (a) | 83. | (c) |
| 16. | (c) | 50. | (c) | 84. | (a) |
| 17. | (a) | 51. | (d) | 85. | (b) |
| 18. | (a) | 52. | (a) | 86. | (a) |
| 19. | (a) | 53. | (d) | 87. | (b) |
| 20. | (d) | 54. | (c) | 88. | (a) |
| 21. | (a) | 55. | (b) | 89. | (a) |
| 22. | (d) | 56. | (b) | 90. | (a) |
| 23. | (c) | 57. | (b) | 91. | (d) |
| 24. | (a) | 58. | (c) | 92. | (a) |
| 25. | (e) | 59. | (b) | 93. | (b) |
| 26. | (a) | 60. | (a) | 94. | (c) |
| 27. | (a) | 61. | (b) | 95. | (c) |
| 28. | (e) | 62. | (b) | 96. | (b) |
| 29. | (b) | 63. | (d) | 97. | (d) |
| 30. | (b) | 64. | (b) | 98. | (b) |
| 31. | (a) | 65. | (d) | 99. | (a) |
| 32. | (c) | 66. | (c) | 100. | (b) |
| 33. | (b) | 67. | (a) | | |
| 34. | (a) | 68. | (a) | | |